# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर कल आयेंगी झारखंड, 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में होंगी शामिल, सुरक्षा के कड़े प्रबंध।**
2. **जम्मू में शहीद हुए हजारीबाग के कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को आज दी जायेगी अंतिम विदाई, राज्यपाल ने बलिदानी सपूत को किया नमन।**
3. **रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को लेकर रेलवे ने लिया ब्लॉक, आज से 22 फरवरी तक आठ ट्रेनें रद्द, दो ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन।**
4. **आज विश्व रेडियो दिवस है, विशय है – रेडियो और जलवायु परिवर्तन।**
5. **पश्चिम बंगाल में चल रही जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड ने जीता स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय खेल में महिला हॉकी टीम का आज कांस्य पदक के लिए महाराष्ट्र से मुकाबला।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल दो दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगी। 15 फरवरी को वे बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। राष्ट्रपति की सुरक्षा में रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन और राजभवन से लेकर बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) तक करीब 3500 जवान तैनात रहेंगे। सुरक्षा की मॉनिटरिंग के लिए पांच आईपीएस अधिकारियों को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण के कई कदम उठाये गये हैं।

*******************

जम्मू में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का आज हजारीबाग में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। इससे पहले कल उनका पार्थिव शरीर रांची लाया गया। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और सेना के अन्य अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कैप्टन करमजीत के पार्थिव शरीर को रामगढ़ सैन्य अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान रामगढ़ के सुभाष चौक पर बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्प वर्षा कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिख समाज के पूर्व प्रधान बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि करमजीत सिंह के बलिदान पर पूरे राज्य को गर्व है।

*******************

रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण को लेकर रांची रेल मंडल ने ब्लॉक लिया है। इस वजह से आज से 22 फरवरी तक आठ ट्रेनें रद्द कर दी गयी हैं जबकि दो के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उनमें  राँची–हावड़ा–राँची, हटिया–टाटानगर–हटिया मेमू, बर्द्धमान–हटिया एक्सप्रेस, हटिया–बर्द्धमान एक्सप्रेस, हटिया–टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस, रांची–बोकारो स्टील सिटी–रांची पैसेंजर और हटिया–साँकि–हटिया पैसेंजर शामिल हैं। ट्रेन संख्या एक तीन चार दो पांच मालदा टाउन–सूरत एक्सप्रेस 15 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग मूरी–राँची–राउरकेला के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी–चांडिल–सिनी–राउरकेला होकर चलेगी। ट्रेन संख्या शून्य सात शून्य पांच दो रक्सौल–सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस 18 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग मूरी–राँची–राउरकेला के स्थान पर परिवर्तित मार्ग  मूरी–चांडिल–सिनी–राउरकेला होकर चलेगी।

*******************

उधर, चक्रधरपुर रेल मंडल में विकास कार्यों के मद्देनजर 14 फरवरी तक कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेल मंडल की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार टाटानगर–राउरकेला–टाटानगर मेमू ट्रेन 14 फरवरी तक रद्द कर दी गयी है। हटिया–राउरकेला–पैसेंजर भी आज तक रद्द रहेगी और राउरकेला–हटिया पैसेंजर भी 14 फरवरी तक रद्द होगी। टाटानगर–इतवारी–टाटानगर एक्सप्रेस 13 और 14 फरवरी को तथा बिरमित्रापुर–बरसुवां पैसेंजर ट्रेन 14 फरवरी को रद्द रहेगी।

*******************

सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त उपहारों की घोषणा करने की प्रथा पर नाराजगी जाहिर की है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि लोग अब काम करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है।

*******************

गोड्डा जिले में महिला कॉलेज इंडोर स्टेडियम में समाजिक समरसता मंच की ओर से अहल्यावाई होल्कर की 300वीं जयंती पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि  राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी शामिल हुईं। उन्होंने महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया।

**साउंड बाइट – ममता कुमारी, गोड्डा – 14 सेकेंड**

*******************

आज विश्व रेडियो दिवस है। पहली बार आज ही के दिन 1945 में संयुक्त राष्ट्र रेडियो से रेडियो का प्रसारण हुआ था। रेडियो की महत्ता को समझते हुए हर वर्ष 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है– **रेडियो और जलवायु परिवर्तन।** रेडियो दिवस पर झारखंड समेत देश और दुनिया में आज कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

खूंटी जिले के पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कालामाटी की 12 छात्राओं ने जेईई मेंस में सफलता प्राप्त की है। विस्तृत जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता –

*******************

पश्चिम बंगाल के बोलपुर में चल रही जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड की रिकर्व बालक टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। उधर, उतराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। अब झारखंड की टीम आज कांस्य पदक के लिए महाराष्ट्र से भिड़ेगी।

*******************

**और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने शहीद हुए हजारीबाग के कैप्टन करमजीत का पार्थिव शरीर रांची लाए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– जम्मू–कश्मीर में शहीद हुए हजारीबाग के कैप्टन करमजीत को तिरंगे में लिपटा देख मां ने लगाया जयकारा, बोले सो निहाल...सत श्री अकाल।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– बलिदानी सपूत को राज्य ने किया नमन, आज अंतिम विदाई।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– आजादी की जंग लड़ने वाले जिस वीर पर अंग्रेजों ने 1832 में एक हजार रुपये का इनाम रखा था, आज उन्हें लोग बुधू की जगह बुद्धू लिख रहे।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– माघी पूर्णिमा पर दो करोड़ लोगों ने डुबकी लगायी।

******समाप्त*******